आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :391 पृष्ठ -4 दिनांक 02 फरवरी 2025 दिन रविवार

# उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक डबल डैकर बसों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया

## शादी विवाह के मौके पर लोग बारात के लिए डबल डेकर बसों को ले जा सकेंगे.

उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक डबल डैकर बसों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है, जिसके तहत अब शादी विवाह के मौके पर लोग बारात के लिए डबल डेकर बसों को ले जा सकेंगे. यही नहीं स्कूल और कॉलेजों में बच्चों और छात्रों के सैर सपाटे और एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में भी इनका इस्तेमाल किया जा सकेगा. शर्त सिर्फ ये होगी है कि ये बसों के रास्तें में कोई ओवरब्रिज या तारों का मकड़ जाल नहीं होना चाहिए. इस संबंध में लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की बैठक हुई, जिसमें इलेक्ट्रिक डबल डेकर बसों को लेकर ये फैसला लिया गया है. जिसके तहत स्कूलों व अन्य शैक्षिक संस्थानों को इलेक्ट्रिक डबल डैगर बस के किराये में 20 प्रतिशत तक की छूट भी जाएगी. इन बसों को 24 घंटे के लिए बुक कराया जा सकेगा. बसों की बुकिंग उन्हीं क्षेत्रों में होगी जहां तारों का जाल या ओवर ब्रिज जैसी चीजें नहीं होंगी और इलाका बहुत घना न हो जहां बसों को चलाने में दिक्कतें हो सकती है.



डबल डेकर बस का क्या होगा किराया

इस बारे में जानकारी देते हुए मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने कहा कि बैठक में इलेक्ट्रिक डबल डेकर बसों के किराये का भी निर्धारण किया गया है. जिसके तहत सामान्यत तीन घंटे के लिए डबल डेकर बस के लिए 6400 रुपये किराया होगा जबकि शैक्षिक संस्थानों के लिए ये किराया 5120 रुपये निर्धारित किया गया है. वहीं छह घंटें के लिए सामान्य किराया 12800 रुपये और शैक्षिक संस्थानों के लिए 10240 रुपये, 12 घंटों के लिए सामान्य किराया 25600 और शैक्षिक संस्थानों के लिए 20480 रुपये और 24 के लिए बस का सामान्य किराया 51200 और शैक्षिक संस्थानों के लिए 40960 रुपये किराया होगा. बता दें कि यूपी में अभी पहली इलेक्ट्रिक डबल डेयर बस कमता से एयरपोर्ट तक चल रही है. साथ शनिवार को महिलाओं के 1090 चौराहा, जनेश्वर मिश्र पार्क, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, मरीन ड्राइव, आंबेडकर पार्क समेत अन्य पार्कों का मुफ्त पर्यटन कराया जा रहा है. लखनऊ के कई मार्गों पर तारों का जाल होने की वजह से वहां इसका संचालन नहीं हो पा रहा है. इसलिए ये तय किया गया है कि ये बस उन्हीं मार्गों पर किराये के लिए उपलब्ध रहेगी जहां ओवर ब्रिज या तार नहीं होंगे.

## टीचर से थे करीबी संबंध, छात्रा ने कर लिया ब्रेकअप तो शिक्षक ने कर दी हत्या खेत में मिला कंकाल

शाहजहांपुर में एक शिक्षक ने छात्रा की हत्या कर दी थी। घटना के 14 महीने बाद सर्विलांस ने राज खोला है। आपको बता दें कि शाहजहांपुर में गन्ने के खेत में किशोरी छात्रा का कंकाल मिला था। उसकी डीएनए जांच की गई तब जाकर पहचान हुई थी। पुलिस ने शिक्षक को गिरफतारी कर लिया है। पूछताछ में शिक्षक ने छात्रा से संबंध के बारे में कई राज खोले हैं।पुलिस अंधेरे में थी कि कौन मरा है, किसने मारा है...? डीएनए जांच की गई, सर्विलांस से सुराग खंगाले गए, क्राइम सीन के झोल दूर किए तो राजफाश हुआ। वो कंकाल किसी और का नहीं बल्कि नाबालिग छात्रा का था। इसका खुलासा कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि नाबालिंग छात्रा की हत्या उसी के शिक्षक अमर सिंह ने की थी। शुक्रवार को पुलिस ने शिक्षक अमर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान आरोपित ने ये स्वीकार किया है कि उसके छात्रा से करीबी संबंध थे लेकिन वह उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी। इसी कारण उसे मार दिया।पुलिस अंधेरे में थी कि कौन मरा है, किसने मारा है...? डीएनए जांच की गई, सर्विलांस से सुराग खंगाले गए, क्राइम सीन के झोल दूर किए तो राजफाश हुआ। बताया जा रहा है कि नाबालिंग छात्रा की हत्या उसी के शिक्षक अमर सिंह ने की थी। शुक्रवार को पुलिस ने शिक्षक अमर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान आरोपित ने ये स्व. ीकार किया है कि उसके छात्रा से करीबी संबंध थे लेकिन वह उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी। इसी कारण उसे मार दिया।पुलिस अंधेरे में थी कि कौन मरा है, किसने मारा है...? ।12वीं की एक छात्रा 30 नवंबर 2023 को स्कूल गई थी मगर घर लौटकर नहीं आई। पिता ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई। पांच मार्च 2024 को गांव के बाहर गन्ने के खेत में किसानों ने एक कंकाल देखा। आशंका जताई गई कि कंकाल छात्रा का हो सकता है। कंकाल का डीएनए जांच कराया गया।12वीं की एक छात्रा 30 नवंबर 2023 को स्कूल गई थी मगर घर लौटकर नहीं आई। पिता ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई। पांच मार्च 2024 को गांव के बाहर गन्ने के खेत में किसानों ने एक कंकाल देखा। आशंका जताई गई कि कंकाल छात्रा का हो सकता है। कंकाल का डीएनए जांच कराया गया।नवंबर 2024 में जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि कंकाल कृषक की बेटी का था। एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि छात्रा के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल खंगाली गई। इस दौरान जांच में पता चला कि शिक्षक अमर सिंह से उसकी लंबी बात होती थी। इसी आधार पर अमर सिंह से कई चरण में पूछताछ हुई। पूछताछ में शिक्षिका ने कहा था की छुट्टी के 20 मिनट बाद स्कूल से निकला तो कुछ दूरी पर छात्रा अपने घर की ओर जाती दिखी थी। 26 नवंबर 2024 को क्राइम सीन रिक्रिएट कराया परंतु बयानों में विरोधाभास था। नौ जनवरी को दोबारा क्राइम सीन रिक्रिएट कराया गया। उस दौरान शिक्षक का बयान झूठा साबित हुआ। शिक्षक के अन्य बयान भी विरोधाभासी उस रास्ते पर किसी को दूर से देख पाना संभव ही नहीं था। शिक्षक के अन्य बयान भी विरोधाभासी होते गए। घटना वाले दिन दोपहर 2.18 बजे वह मोबाइल फोन बंद कर घर चला गया था। उसका फोन 3.30 बजे ऑन हुआ। उसने किसी को कॉल नहीं की, जबकि उसकी पत्नी अस्पताल में भर्ती थी।हत्याकांड के बाद तनाव में था शिक्षिका एक सप्ताह से भर्ती पत्नी से वह दिन में कई बार फोन पर बात करता था, परंतु उस दिन एक बार भी कॉल न करने पर पुलिस को शक गहराया कि वह हत्याकांड के बाद तनाव में था। शुक्रवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी के अनुसार, छात्रा को मिर्गी के दौरे भी पड़ते थे।

## उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद पहली बार सीएम योगी आदित्यनाथ महाकुंभ नगर पहुंचे

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद पहली बार सीएम योगी आदित्यनाथ महाकुंभनगर पहुंचे. यहां सीएम ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान सीएम ने मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ का जिक्र करते हुए कहा कि उन संतों का अभिवादन करता हूं. जिन्होने मौनी अमावस्या के दिन समन्वय से काम किया. सनातन धर्म के लिये योगदान देने की बात आती है तो आगे रहते हैं. संतों ने कुंभ में धैर्य के साथ काम किया. जो सनातन धर्म के विरोधी हैं वह प्रयास कर रहे थे की संत का धैर्य जवाब दे दे. इसके अलावा सीएम ने संगम घाट का निरीक्षण किया. इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जानकारी दी गई कि सीएम ने बसंत पंचमी स्नान की तैयारियों की समीक्षा की. मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसंत पंचमी स्नान को लेकर त्रिवेणी संगम घाट का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. मुख्यमंत्री जी ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए.



## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस ऐलान से गदगद हो गई यूपी सरकार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केंद्रीय बजट पेश किया. इस दौरान वित्त मंत्री ने आयकर को लेकर बड़ा ऐलान किया है. वित्त मंत्री के बजट भाषण के अनुसार अब 12 लाख रुपये की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा.वित्त मंत्री के इस ऐलान पर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने खुशी जताई है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर केशव ने लिखा– केंद्रीय बजट–2025–26 में नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख तक की आय पर शून्य आयकर, सभी करदाताओं के लिए स्लैब और दरों में बदलाव, जिससे सभी को लाभ होगा. मध्यमवर्गीय करदाताओं के लिए करों में भारी कमी, जिससे उनके हाथों में अधिक पैसा रहेगा और घरेलू खपत, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा. 'शून्य कर' स्लैब 12 लाख तक 12.75 लाख तक वेतनभोगी कर दाताओं के लिए 75,000 की मानक कटौती के साथ). इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार एवं अभिनंदनइनकम टैक्स पर नया कानूनउत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह यादव ने भी इस ऐलान पर खुशी जताई. उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात..! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में केंद्रीय बजट 2025–26 के तहत मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख की आय को कर मुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है. निश्चित तौर पर इस जनकल्याणकारी निर्णय से मध्यम वर्ग सहित देश का जन–जन लाभान्वित होगा. यह फैसला न केवल आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि ला. ेगों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव लाएगा. इस युगांतकारी निर्णय के लिए आभार–अभिनंदन.इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार अगले सप्ताह एक नया आयकर विधेयक पेश करेगी, जिसमें 'पहले विश्वास करो, बाद में जांच करोश की अवधारणा को आगे बढ़ाया जाएगा.

## बजट पर राकेश टिकैत की पहली प्रतिक्रिया, कहा– अभी इंतजार करना होगा

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने बजट 2025–26 पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि पूरी जानकारी के लिए हमें इंतजार करना होगा.

मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा, ष्सरकार को बिजली, चिकित्सा सुविधा और शिक्षा जैसी आवश्यक सेवाओं पर ध्यान देना चाहिए। अब, हम इंतजार करते हैं कि वे क्या कदम उठाते हैं... किसान मांग कर रहे हैं कि ब्याज दर को घटाकर 1: प्रति वर्ष किया जाए। पहले, हमने इन मुद्दों को हल करने की योजनाओं के बारे में सुना था, लेकिन हमें पूरी जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। किसानों को उचित फसल मूल्य के साथ–साथ उचित मूल्य की भी आवश्यकता है।

## सीएम योगी ने दी प्रतिक्रिया, बोले– देश को पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में सहायक होगा ये GYAN का बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री जी ने इसे श्ळल|छश का बजट बताकर केवल चार अक्षरों में परिभाषित कर दिया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को सशक्त करने से ही देश आत्मनिर्भर और विकसित बनेगा।उन्होंने कहा कि वंचित को वरीयता, अंत्योदय को प्रमुखता देते और देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संकल्प पथ पर तेज गति से ले जाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बजट से मातृशक्ति और समाज के अंतिम पंक्ति के सभी वर्गों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। आम बजट में आगामी 5 वर्षों में 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का टर्म लोन देने की योजना, उनके सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आम बजट श्स्वस्थ भारत–सुरक्षित भारतश की जीवंत झांकी है। इस बजट में आगामी तीन वर्षों में सभी जनपदीय अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना का प्रावधान है। निरूसंदेह, इस निर्णय से आम जन को बेहतर स्वास्थ्य–सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि आम बजट में 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करने का निर्णय मध्यम वर्ग सहित देश के करोड़ों नागरिकों को लाभान्वित करने वाला है। यह लोक–कल्याणकारी निर्णय आम जन की जीवन शैली को समृद्ध करने के साथ ही उनके आर्थिक विकास हेतु मील का पत्थर सिद्ध होगा। समूचे मध्यम वर्ग को बधाई!

उन्होंने कहा कि आम बजट में युवाओं के सशक्तिकरण के लिए श्सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ स्किलिंगश व श्सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन ।प् फॉर एजुकेशनश की स्थापना का निर्णय अत्यंत सराहनीय और स्वागत योग्य है। इस महत्वपूर्ण पहल से करोड़ों युवाओं को नवाचार और कौशल विकास के नए अवसर मिलेंगे। युवा शक्ति में नवाचार, जिज्ञासा और वै. ज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने तथा शविक. सित युवा–विकसित ारतश के लक्ष्य की पूर्ति में मील का पत्थर साबित होगा। आगामी 5 वर्षों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना, ग्रामीण सेक. ेंडरी स्कूलों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तुत आम बजट में किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है। करोड़ों अन्नदाता किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करता यह कल्याणकारी निर्णय किसान साथियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रति प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। किसान हितकारी बजट हेतु प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद!

## महाकुंभ भगदड़ के जख्म! अपनो को तलाश .रहे परिजन, प्रशासन से मदद की दरकार

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में आयोजित दुनियां के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ 2025 (डीं ज्ञनउड़ी 2025) में अब तक करोड़ों श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं. हर रोज बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंच रही है. बीते 29 जनवरी 2025 को भी मौनी अमावस्या पर भी करोड़ों की तादाद में श्रद्धालु महाकुंभ स्नान के पहुंचे थे. मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में मची भगदड़ कई लोगों की मौत हुई तो कई श्रद्धालु गंभीर रूप घायल हुए तो कई लोग अपने परिवार से बिछड़ गए है. एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महाकुंभ में लापता हुए लोगों को उनके परिवार से लगातार प्रयास कर रही है तो वहीं दूसरी प्रयागराज प्रशासन पर लापता लोगों के परिवार वालों ने बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं. 29 जनवरी को महाकुंभ में भगदड़ के बाद लोगों ने प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं मिलने की बात कही है. लोगों का कहना है कि प्रशासन से कोई सहायता नहीं मिलने के कारण प्रयागराज में अपने लापता परिवार के सदस्यों की तलाश कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि शगुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है, लेकिन कोई अपडेट नहीं है.शएक पीड़ित का कहना है, ष्हमारी बहन की सास लापता हो गई है. अधिकारियों ने जिन जगहों पर भेजा वहां– वहां गया लेकिन उनका कहीं कुछ नहीं चल सका है.ष उन्होंने कहा कि, प्रशासनिक अधिकारी इधर से उधर भटका रहे हैं लेकिन अभी तक मामले में कोई एक्शन नहीं लिया गया है. बहन की सास को लापता हुए दो दिन बीत गए लेकिन अभी तक उनका कहीं कुछ पता चल नहीं सका है. वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज संगम आईं थी, जैसे ही सब लोग बड़े हनुमान मंदिर के पास पहुंची, वह छूट गई. परिवार के सभी सदस्य मिल गए लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका है. बताया कि, उनको ढूढने का प्रयास लगातार की किया जा रहा है, साथ प्रशासन से भी मदद की गुहार लगा रहे हैं.

# श्री वार्ष्णेय मन्दिर में बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती

महानगर अलीगढ में बसंत पंचमी का पर्व 2 फरबरी को धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है । इस दिन अलीगढ के प्रसिद्ध श्री वार्ष्णेय मन्दिर पर विशेष आयोजन होगा । प्रातः से ही माँ सरस्वती जी के साथ साथ ठाकुर जी और अन्य सभी विग्रह अपने शीत ऋतु के वस्त्र त्याग कर वसंती पोषाक धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे ।श्री वार्ष्णेय मन्दिर के प्रवक्ता भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक और मन्दिर महंत पंडित मनोज मिश्रा के अनुसार माँ शारदे का पूजन कार्यक्रम प्रातः से ही प्रारंभ हो जाएगा । विद्यारंभ करने वाले विद्यार्थियों को बसंत पंचमी का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है । इस दिन विद्यार्थी माँ सरस्वती से



आशीर्वाद प्राप्त कर पाठय सामग्री , कॉपी और पेंसिल का भी पूजन करते हैं और पीली वस्तुओं का भोग अर्पण करते हैं । संगीत विधा से जुड़े कलाकार माँ सरस्वती को वस्त्र आदि अर्पण कर एवं भोग लगा कर माँ शारदे का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं । श्री वार्ष्णेय मन्दिर के व्यवस्थापक राधेश्याम गुप्ता स्क्रेप के अनुसार सांयकाल में माँ शारदे की विशेष आरती की जायेगी ।

## विचाराधीन बन्दी लड्डू उर्फ लड्डुन की मृत्यु . के प्रकरण की होगी मजिस्ट्रीयल जांच

अलीगढ़ जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा वरिष्ठ जेल अधीक्षक के अनुरोध के क्रम में विचाराधीन बन्दी लड्डू उर्फ लड्डुन पुत्र महेन्द्र सिंह आयु लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम नगला उदिया थाना दादों जो जिला कारागर में निरूद्ध थे कि मृत्यु के प्रकरण में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय संजय मिश्रा को जांच अधिकारी नामित किया गया है ।अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि लड्डू उर्फ लड्डुन को 22 नवंबर 2024 को प्रातःकाल लगभग 07:55 बजे अपनी बैरक में अचानक घवराहट, बेचौनी व उल्टी की शिकायत के उपरांत बेहोशी की स्थिति में कारागार चिकित्सालय लाया गया था। जिला कारागार के चिकित्साधिकारी द्वारा बन्दी की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के दृष्टिगत जीवन रक्षक उपचार उपलब्ध कराते हुए अग्रेतर उपचार के लिए 08:20 बजे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान 22 नवम्बर 2024 की प्रातः 09:15 बजे मृत्यु हो गई।

## नागरिक सुरक्षा कोर सिविल डिफेंस अलीगढ़ के सेक्टर वार्डनो को प्रभारी निरीक्षक ने पढ़ाया अनुशासन का पाठ

अलीगढ़। अलीगढ़ महोत्सव यानी नुमा. इश के दौरान नागरिक सुरक्षा कोर के 150 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है जिसमें 50 जवान रिजर्व रखे गए हैं आपको बता दें कि आज विकास भवन के सभागार में नागरिक सुरक्षा कोर की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी निरीक्षक अलीगढ़ द्वारा सभी सेक्टर वॉडनो को अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया साथ ही नुमाइश में मुस्तैदी व ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने को लेकर सभी सेक्टर वार्डन को जानकारी दी गई सभी सेक्टर वार्डनो को अनुशासन में रहते हुए ड्रेस कोड के बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही साथ उन्हें नियम न तोड़ने का पाठ भी पढ़ाया गया इसके साथ ही समय का विशेष ध्यान देते हुए समय से ड्यूटी करने के साथ–साथ ड्यूटी उपरांत सीधे अपने घर पहुंचने के बारे में भी जानकारी दी मीडिया से मुखातिब होने पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया अपर जिलाधिकारी नगर के आदेश अनुसार व उप नियंत्रक व सहायक उप नियंत्रक के आदेश अनुसार सभी सेक्टर जवानों की ड्युटियां लगाई गई हैं सभी के लिए ड्यूटी करते समय नियम के अनुरूप कार्य करने की पाठ आज पढ़ाया गया है बैठक के माध्यम से सभी को सूचित किया गया है कि वह स्वैच्छिक रूप से ड्युटियों करने



हेतु स्वतंत्र हैं किसी पर किसी भी प्रकार का कोई दबाव नहीं बनाया गया है सभी लोग अपनी इच्छा अनुसार वैधानिक रूप से ड्यूटी करने को तत्पर है बैठक में चंद्रपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह उप प्रभारी निरीक्षक एपी सिंह तोमर मंजू रानी पूनम अमित कुमार वर्मा पवन शर्मा वीरेंद्र सिंह विकास कुमार राखी अग्रवाल ममता रानी आदि लोग उपस्थित रहे

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गभाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील गभाना के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के उपरांत हाफ–डे न मनाएं, बल्कि अपने विभाग के तहसील व ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि अधिकारी जिले के साथ ही तहसील व ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों का भी अच्छे से रखरखाव सुनिश्चित कराएं ताकि स्थानीय लोगों को अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े ।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान चण्डौस के ग्राम भीमनगर निवासी सुखवीर ने बताया कि उसको आवंटित असंक्रमणीय भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है, इस डीएम ने एसडीएम को जांच कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पैराई के वीरेन्द्र प्रताप की शिकायत पर दबंगों से चकमार्ग एवं पोखर की सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए एसडीएम को सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। करनपुर के सुरेन्द्र सिंह ने विपक्षियों के सरकारी नाली निर्माण रोके जाने की शिकायत की जिस पर डीएम ने एसडीएम एवं बीडीओ को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही सम्पूग्र समाधान दिवस में पेंशन, आवास, विद्युत बिल समेत अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं। जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में 61 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस दौरान



राजस्व की 18, पुलिस की 11, विकास खण्ड की 17, नगर पंचायत की 01, विद्युत की 03, पंचायतीराज की 02 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर दिव्यांग व्यक्ति राजकुमार को ठण्ड से बचने के लिए कंबल भी प्रदान किया। डीएम ने इस अवसर पर तहसील परिसर में वृक्षारोपण कर तहसील को हरा–भरा रखने के निर्देश दिए ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम वित्त मीनू राणा, एसडीएम गभाना विनीत मिश्र, डीडीओ आलोक आर्य, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, सीओ गभाना समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर स्टॉल लगाकर बीज का किया जाएगा वितरण

अलीगढ़ जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी ने कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि जायद 2025 में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम एवं संकर बीजों के उपयोग को बढ़ावा देने की योजा के अन्तर्गत विभिन्न कंपनियों के संकर मक्का बीजों की बिक्री जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर स्टॉल लगाकर की जाएगी ।उन्होंने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि पहले आओ–पहले पाओ की तर्ज पर बीज प्राप्त करते हुए योजना का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि कृषकों को संकर मक्का बीज पूर्ण कीमत देकर प्राप्त करना होगा और अनुदान की धनराशि डी0बी०टी0 के माध्यम से कृषकों के खाते में हस्तान्तरित की जायेगी। सामान्य वितरण में बीज मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा 150 रूपये प्रति किलोग्राम जो भी कम हो अनुदान देय होगा। प्रदर्शन वितरण में 08 किलोग्राम बीज प्रति एकड, 260 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से अधिकतम 2080 तक ही अनुदान अनुमन्य है।

## केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए बजट मैं इनकम टैक्स में दी गई छूट स्वागत

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश पंजी वजट को लेकर एक आवश्यक बैठक मैलरोज वाईपास पर हुई जिसमें अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए बजट मैं इनकम टैक्स में दी गई छूट स्वागत योग्य है लेकिन आयकर एक्ट में बदलाव वित्त मंत्री की घोषणा के अनुसार आगिमी 7 दिन में घोषित किया जाना है आगामी 7 दिनों में घबराहट का माहौल बना रहेगा ।जीएसटी की दरों में कोई छूट न देने से व्यापारी जगत में भारी निराशा है जीएसटी में सिलेब को काम करने तथा की दरे घटाने की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है ।नगद लेनदेन की सीमा को भी नहीं बढ़ाया गया क्या है बढ़ती महंगाई को देखकर नगद लेनदेन की सीमा को बढ़ाना अत्यंत आवश्यक था व्यापारियों की पेंशन




व दुर्घटना बीमा की मांग को भी बजट में शामिल नहीं किया गया है बजट को चुनावी माहौल को देखकर बनाया गयाटैक्स के कानूनो में सरलीकरण नहीं किया गया जीएसटी में सजा के प्रावधानों को खत्म किया जाना आवश्यक था जो कि नही किया गया। दैनिक आवश्यकता की वस्तु पर से जीएसटी नहीं हटाया गया ।बैठक में उपस्थित महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल, जिला चौयरमैन कालीचरन वार्ष्णेय, प्रदेश उपाध्यक्ष विनय गुप्ता,संगीता वार्ष्णेय, एम ए खान गांधी, मुनेश पाल सिंह, संजीव अग्रवाल,योगेश सरकार,शिव कुमार पाठक, अनिल वसंल,अरुन गोयल, यशकुमार वावा, प्रमोद सिंह, कुशाल सिंह, अंकित अग्रवाल, राहुल वार्ष्णेय, सन्तोष वाष्णेय, उमेश गौड़, राहुल मित्तल आदि थे।

## भजनों पर भाव विभोर हो परिक्रमार्थी .लगा रहे बाबा के जयकारे

अलीगढ़। उत्तर भारत के मिनी शिरडी धाम के नाम से मशहूर सिद्धपीठ मंदिर श्री साई नवदुर्गा मंदिर पर 20 वें तीन दिवसीय साई परिक्रमा महोत्सव का 01 फरवरी शनिवार को शुरुआत हो गई ।प्रातः बेला में साई परिक्रमा महोत्सव के पहले दिन गणेश जी की पूजा अर्चना के बाद बाबा के 108 नामावली का विधि विधान पूर्वक पाठ के अलावा सर्व समाज के कल्याण की प्रार्थना आचार्यों द्वारा ईश्वर से की गई ।उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष धर्मप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि भक्तों की मनों कामना पूर्ण करने बाली यह परिक्रमा बसंत पंचमी के अवसर पर भव्यता पूर्वक आयोजित की जा रही है ।प्रवक्ता पंकज धीरज ने बताया कि भव्य फूल बंगले से सजे और भजनों से गुंजायमान मंदिर प्रांगण में सैकड़ों की संख्या में आ रहे सभी महिला पुरुष भक्तों और बच्चों की सुविधा, मेडिकल कैंप, चाय कैंप आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है ।परिक्रमा निरंतर तीन फरवरी मध्य रात्रि तक आयोजित होगी। साई परिक्रमा के प्रथम दिन व्यवस्थाओं में मंदिर समिति के राजकुमार गुप्ता,प्रदीप अग्रवाल,राजा राजानी,रवि प्रकाश अग्रवाल,विष्णु कुमार बंटी, गिरीश गोविल,हरे कृष्ण मुरारी ,ललित प्रकाश अग्रवालआदि जुटे रहे।

## 26 करोड़ से 25850 घरों में पहुंचेगा पेयजल, 180 किमी बिछेगी पाइप लाइन, बनेंगे 37 पंप हाउस

अलीगढ़ में करीब 180 किलोमीटर की लंबाई में पाइप लाइन बिछाई जानी है। अभी तक 63 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई है। 1000 से लेकर 2300 किलोलीटर की क्षमता वाली चार पानी की टंकियों का निर्माण होगा ।अलीगढ़ नगर निगम में शामिल हुए ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए नगर निगम कई योजनाएं चला रहा है। नगर निगम सीमा विस्तार के बाद लागू हुई पेयजल योजना ग्रुप बी के तहत 126 करोड़ रुपये से 25,850 घरों में पेयजल पहुंचाया जाना है। इसका काम जारी है ।पेयजल योजना ग्रुप बी के तहत 126 करोड़ रुपये की इस पेयजल योजना को सरकार ने



14 नवंबर 2022 को हरी झंडी दी थी। योजना के तहत आगरा रोड, माधव कॉलोनी, एडीए कॉलोनी, वार्ड संख्या 74 व 75 के 25,850 घरों में पेयजल कनेक्शन दिए जाएंगे। दिसंबर 2025 में योजना पूरी होनी है। इसके लिए करीब 180 किलोमीटर की लंबाई में पाइप लाइन बिछाई जानी है। अभी तक 63 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई है। 1000 से लेकर 2300 किलोलीटर की क्षमता वाली चार पानी की टंकियों का निर्माण होगा। दो का काम शुरू हो गया है। दो टंकियों का निर्माण जमीन के इंतजार में रुका है। 37 पंप हाउस में से 12 का निर्माण जमीन मिलते ही शुरू हो जाएगा। जल निगम नगरीय ने नगर निगम को जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा है ।126 करोड़ रुपये से वार्ड संख्या 75 व 75 के 25,850 घरों में पेयजल पहुंचेगा। इसका काम चल रहा है। जमीन मिलने थोड़ी देरी हो रही है। इसके लिए नगर निगम को पत्र भेजा गया

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनमानस को सूचित किया जाता है कि एक बच्ची जिसकी उम्र लगभग 14 साल अपना नाम शीतल मां का नाम कांता देवी पता उसे सही से मालूम नहीं है कभी लुधियाना कभी पंजाब बता रही है बच्ची की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं लग रही है ये देख किशनपुर की पत्रकार बबिता सिंह ने पार्षद से सम्पर्क किया लेकिन उन्होने तुरंत पल्ला झाड़ लिया। पत्रकार बबिता और किशनपुर की महिलाओं ने पुलिस से संम्पर्क कर सकुशल क्वारसी थाने पहुंचाया जो कोई भी आम जनमानस इस लड़की को जानता हो या पहचानता हो अथवा इसके बारे में कोई भी जानकारी रखता हो उनसे विनम्र निवेदन है कृपया कर क्वार्सी थाने से संपर्क करें।



# कासगंज पुलिस लाइन में चल रही पुलिस भर्ती फिटनेस प्रक्रिया में बड़ा गड़बड़झाला

कासगंज पुलिस लाइन में चल रही पुलिस भर्ती फिटनेस प्रक्रिया में बड़ा गड़बड़झाला सामने आई है। 17 अभ्यार्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच के उपरांत भर्ती बोर्ड के लिए सात अभ्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित बनकर फर्जी प्रमाण पत्र दाखिल किए थे। सभी के खिलाफ सोरों कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह सभी फर्जी प्रमाण पत्रों से नौकरी हासिल करने वाले अभ्यर्थी अलीगढ़ जिले के रहने वाले हैं।शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस भर्ती प्रक्रिया चल रही थी। अभ्यर्थियों के फिटनेस टेस्ट से चल रहे थे। लखनऊ से आई बोर्ड की टीम अभिलेख चेक कर रही थी। बोर्ड टीम को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित अभ्यर्थी रविन्द्र कुमार पुत्र चिरंजी लाल निवासी ग्राम ग्वालरा, अलीगढ़ के संबंध में प्रमाण पत्र फर्जी होने की सूचना मिली थी। जांच में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाण पत्र फर्जी निकला। इस आधार पर 30 व 31 जनवरी तक 17 स्वतंत्रता संग्राम के आश्रित अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र को संबंधित जिलों से व्हाट्सएप के जरिए भेजकर जांच कराई गई थी। 17 अभ्यार्थियों को जांच के दायरों में रखा गया। जिनमें से सात के प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए। एसपी अंकित शर्मा ने बताया कि इनके खिलाफ सोरों कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलीगढ़ के रहने वाले हैं, सातों अभ्यर्थी फर्जी प्रमाण पत्र लगाने वाले अभ्यर्थियों में अर्पित कुमार निवासी




जलालपुर, तहसील पिसावा, सौरभ सिंह निवासी भमरोला, थाना व तहसील खैर, हरिप्रकाश निवासी सुबकरा मधुपुर, सत्येंद्र चौधरी निवासी गौरई, तहसील इगलास, रिंकू सिंह निवासी मालव, तहसील टप्पल, मोहित चौधरी निवासी बिसरा थाना व तहसील गभाना। रविंद्र कुमार निवासी ग्वालरा, तहसील गभाना शामिल हैं। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हवालात में बंद हैं।

## कासगंज तेज रफ्तार लकड़ी से भरे ट्रक और बुलेरो में हुई जोरदार टक्कर, सात लोग घायल

कासगंज सदर कोतवाली क्षेत्र के कुरामई गांव के पास शनिवार की सुबह सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरामई पर बोलेरो और लकड़ी से भरे ट्रक की भिड़ंत हो गई, जिसमें बोलेरो सवार सात लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को फोनकॉल कर सूचित किया और सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। घायलों की जानकारी इस प्रकार है, संजू उम्र 20 वर्ष पुत्र नाथूराम निवासी कुटेना माफी थाना मिरहची एटा अतर कली उम्र 52 वर्ष पत्नी भगवान. सिंह , पूजा उम्र 20 वर्ष पत्नी राजू ,राम बेटी उम्र 48 वर्ष पत्नी कालीचरण, देवेंद्र उम्र 31 वर्ष पुत्र कालीचरन , कुसुम देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी सूरज , कीर्ति उम्र 28 वर्ष पत्नी देवेंद्र सभी निवासी गण कुटेना माफी थाना मिरहची जनपद एटा के है। ये लोग अमांपुर जनपद कासगंज के ग्राम बुड़थरे में मण्डप के कार्यक्रम मे सहभागिता कर बोलेरो गाड़ी से जा रहे थे, आज सुबह तकरीबन 7 बजे ग्राम कुरामई के समीप लकड़ी से भरे ट्रक से एक्सीडेंट हो गया, जिसमें उपरोक्त सभी घायलों को जिला अस्पताल थाना कोतवाली कासगंज पर एंबुलेंस के माध्यम से 9रू30 बजे लाया गया। इनका चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। परिजनों द्वारा बताया गया कि ट्रक चालक ने तेज गति से बोलेरो में टक्कर मार दी जिससे ये घटना घटित हुई है।

## उत्तर प्रदेश में ई–डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से . ऑनलाइन प्रमाण पत्रों के निस्तारण



उत्तर प्रदेश में ई–डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाण पत्रों के निस्तारण में कासगंज जिले ने एक बार फिर पहला स्थान हासिल किया है। जिलाधिकारी मेधा रूपम के नेतृत्व में जनवरी 2025 में जिले को मिली यह उपलब्धि प्रशासनिक कुशलता का प्रमाण है।ई–डिस्ट्रिक्ट मै. नेजर अंसुल माहेश्वरी के अनुसार, जनवरी माह में कुल 17,001 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 16,748 का निस्तारण कर दिया गया। 98.51 की निस्तारण दर के साथ कासगंज प्रदेश में शीर्ष स्थान पर है। शेष आवेदन, जो माह के अंतिम दिनों में प्राप्त हुए हैं, वर्तमान में जांच प्रक्रिया में हैं।ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से भी आवेदन कर सकते हैंई–डिस्ट्रिक्ट शासन की प्राथमिकता वाली योजना है। जिसके तहत आम नागरिकों को विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्र ऑनलाइन जारी किए जाते हैं। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर पर नियमित निगरानी और समीक्षा की जाती है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक जन सेवा केंद्र स्थापित किया गया है। जहां से लोग आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, नागरिक सीधे ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से भी आवेदन कर सकते हैं।जिले की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी मेधा रूपम और अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बताया कि आवेदनों के त्वरित निस्तारण के लिए नियमित समीक्षा की जाती है। जिससे प्रक्रियात्मक देरी से बचा जा सके।

## जनपद कासगंज शहर के श्रद्धालु अमृत स्नान के लिए मौनी अमावस्या से पहले कुंभ पहुँचे श्रद्धालु परेशानियों को झेलते हुए वापस अपने शहर लौटने को मजबूर हो गए



कैमरामैन इंद्रपाल राजपूत

जनपद कासगंज.सवावदाता अमित कुमार शहर के श्रद्धालु अमृत स्नान के लिए मौनी अमावस्या से पहले कुंभ पहुँचे थे। हालांकि वहां हुए हादसे ने उनके उत्साह पर पानी फेर दिया। वे जैसे तैसे प्रयागराज में संगम के बजाए अन्य घाटों पर स्नान कर श्रीराम लला के दर्शन करने अयोध्या रवाना हुए। वहीं, सुल्तानपुर मार्ग पर लगे जाम के कारण रामलला के दर्शन के लिए भी श्रदालु नहीं पहुंच सके। 18–20 घंटे जाम में फंसे रहने बाद सुल्तानपुर पुलिस व प्रशासन ने बसों को लौटा दिया। और श्रद्धालु परेशानियों को झेलते हुए वापस अपने शहर लौटने को मजबूर हो गए। कासगंज शहर से 27 जनवरी को पांच बसों से करीब 200–250 श्रद्धालु रवाना हुए थे। यह श्रद्धालु मौनी अमावस्या के दिन सुबह के समय महाकुंभ में पहुंचे थे।महा कुम्भ में भगदड़ मच जाने के कारण संगम पर स्नान का मौका नहीं मिला। तो कुंभ के अन्य घाटों पर स्नान किया। स्नान करके जब वापस कुंभ से अयोध्या के लिए रवाना हुए तो 20 घंटे तक जाम से जूझते हुए सुल्तानपुर तक पहुंचे, लेकिन रात 10 बजे पुलिस–प्रशासन ने इन श्रद्धालुओं की बसों को अयोध्या जाने से रोक दिया। श्रद्धालु प्रशासन से अयोध्या जाने के लिए बिनती करते रहे, लेकिन अयोध्या में जबरदस्त भीड़ होने के कारण प्रशासन ने सभी बसों को वापस लौटा दिया। कासगंज जिले के श्रद्धालु महाकुंभ से वापस हुए जगह–जगह रास्ते में जाम का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे श्रद्धालु कासगंज शहर में पहुंच सके।



तहसील कासगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप से जनसामान्य की शिकायतों को सुनकर मौके पर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

### बीमा राशि नहीं दे रही थी कंपनी, अब देने होंगे तीन लाख रुपयेय 21 दिन में लोक अदालत ने सुनाया फैसला

कासगंज में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो जाने के मामले में स्थाई लोक अदालत ने 21 दिन के भीतर अपना फैसला सुनाया। अदालत ने कंपनी को बीमा की राशि के तीन लाख रुपये अदा करने के आदेश दिए।गांव अहरोली सैय्यद नगला निवासी सौरभ कुमार बाइक से 16 नवंबर 2023 को गंगीरी से कासगंज आ रहा था। नील गाय सामने आ जाने से वह हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। उसकी बाइक का बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में बीमा था। उसकी पत्नी रीना ने कंपनी से बीमा की तीन लाख रुपये धनराशि की मांग की, लेकिन कंपनी ने धनराशि देने से इंकार कर दिया। इसके बाद उसने चार जनवरी 2025 को स्थाई लोक अदालत में बीमा कंपनी के खिलाफ वाद दायर कर दिया। अदालत के अध्यक्ष मुकेश कुमार, सदस्य बसंत कुमार शर्मा, डॉ. सपना अग्रवाल ने इस मामले में 21 दिन में अपना फैसला दे दिया। अदालत ने बीमा दो लाख रुपये की धनराशि मृतक की पत्नी को तथा 50–50 हजार रुपये मृतक के पुत्र आर्य व अर्चित को दिए जाने के आदेश दिए। दोनों पुत्रों को मिलने वाली धनराशि उनके व्यस्क होने तक सावधी खाते में जमा होंगी।

## कासगंज ई–डिस्ट्रक्ट ऑनलाइन प्रमाण पत्रों के निस्तारण में जनपद अव्वल

कासगंज, । ई–डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाण पत्रों के आवेदनों के निस्तारण में जनवरी माह की समीक्षा में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। जिलाधिकारी मेधा रूपम और अपर जिलाधिकारी राकेश पटेल ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम को बधाई दी है। ऑनलाइन आवेदनों के निस्तारण में 98.51 प्रतिशत निस्तारण के साथ जनपद कासगंज प्रदेश में लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है।जनवरी माह में ऑनलाइन प्रमाणपत्रों के सबसे अधिक निस्तारण के साथ ही जनपद कासगंज प्रदेश में ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सेवाओं में अव्वल रहा है। ई– डिस्ट्रिक्ट शासन की प्राथ. मिकता वाली योजना है जिसके माध्यम से जनसामान्य को अपने विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्र ऑनलाइन प्राप्त होते हैं। जनसामान्य के कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन प्रमाणपत्रों के समय से जारी करने के लिए शासन में विभिन्न स्तर से लगातार निगरानी एवं समीक्षा की जाती है।ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंशुल माहेश्वरी ने बताया कि जनपद में जनवरी 2025 में कुल 17001 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 16748 आवेदनों को निस्तारित किया जा चुका है। शेष आवेदन माह के अंतिम दिनों में प्राप्त हुए हैं जो अभी जांच की प्रक्रिया में हैं। ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की ऑनलाइन आवेदन सेवाएं जन सेवा केंद्र के माध्यम से हो रही है। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक जन सेवा केंद्र संचालित किया जा रहा है। जनसेवा केंद्रों के अतिरिक्त आम लोग ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## वकील बोले, समय से नहीं हो रहे दाखिल-खारिज के आदेश



एटा। अलीगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को डीएम प्रेम रंजन सिंह को तहसील में ज्ञापन दिया। कहा कि दाखिल–खारिज पत्रावलियों पर समय से आदेश नहीं किए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी बताईं।बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि आदेश होने के बाद भी काफी समय से कंप्यूटर में रिकॉर्ड अपलोड नहीं किया जा रहा। बड़ी संख्या में ई–परवाना लंबित पड़े हैं। मृतक की विरासत ऑनलाइन के बाद क्षेत्रीय लेखपाल निरस्त कर देते हैं। दो–तीन बार ऑनलाइन होने के बाद भी विरासत नहीं हो रही है। अंश खतौनी में गलत दर्ज हुए अंश को सुधार कराए जाने, विवादीत–अविवादीत पत्रावली पटल पर अधिवक्ताओं के मांगने पर समय पर उपलब्ध कराने आदि की मांग भी की

## कासगंज बजट में सबकुछ अच्छा लेकिन .ओपीएस का जिक्र तक नहीं किया



कासगंज, । केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया गया। जिसको लेकर सरकारी कर्मचारियों ने सराहा, लेकिन पुरानी पेंशन स्कीम के बारे में कोई चर्चा न होने पर टीस रही। कर्मचारियों को कर स्लैब बढ़ाने की सराहना की है।जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अमित कुमार यादव ने बताया कि सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय लोगों को राहत दी गई है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए कोई चर्चा बजट में नहीं है। इससे मायूसी है। उम्मीद है कि अगले बजट में इसे ध्यान में रखा जाएगा। जिला समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब डॉ. जयन्त कुमार गुप्ता ने बताया कि सरकार के बजट में इस बार कर स्लैब को बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। जो एक स्वागत योग्य कदम है। इससे कर्मचारी और मध्यम वर्गीय लोगों को बढ़ी राहत मिलेगी। एआरटीओ, कासगंज रामप्रकाश मिश्र ने बताया कि सरकार के बजट देशहित और जनहित का बजट है। कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। बजट के कर स्लैब के बढ़ने से लोगों को बचत करने की इच्छा बढ़ेगी। बजट सराहनीय है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश मिश्रा ने बताया कि बजट को जनहित का बजट कहा जा सकता है। बजट में स्लैब बढ़ाना और दवाओं को सस्ता करना अच्छा कदम है। पुरानी पेंशन बहाली की चर्चा होती तो और अच्छा होता।

## कासगंज सर्राफ की दुकान से चोर पांच लाख के जेवर लेकर हुए चंपत



कासगंज, कोतवाली पटियाली क्षेत्र के थाना गांव कस्बे में शुक्रवार की रात चोरों ने एक सर्राफा कारोबारी की दुकान में चोरी कर ली। सर्राफा कारोबारी की दुकान का शटर तोड़कर दुकान में घुसे और चोर दुकान में रखी अलमारी ले गए। रास्ते में अलमारी के ताले को तोड़कर आभूषण निकाल ले गए और अलमारी को रास्ते में फेंक गए। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। लगभग पांच लाख के आभूषण चोरी होने की आशंका जताई जा रही है।थाना गांव कस्बा निवासी भास्कर गुप्ता मकान के ऊपरी मंजिल में रहते हैं और नीचे परचूनी व सर्राफा का कारोबार करते हैं। शुक्रवार की रात लगभग एक बजे उनकी दुकान के शटर को चोरों ने काट लिया। चोर अलमारी को लेकर निकल गए। जब वह रात को उठे तो उन्हें चोरी होने की जानकारी मिली। उन्होंने छत पर खड़े होकर शोर मचाया। आस–पास के लोग भी एकत्रित हो गए। लोगों ने आस–पास चोरों की तलाश की। रास्ते में अलमारी पड़ी मिल गई। जिसका ताला तोड़कर चोर उसमें रखे आभूषण चोरी कर ले गए। व्यापारी भास्कर गुप्ता ने करीब 5 लाख रुपये से अधिक के जेवर और नकदी चोरी होने की आशंका जताई है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का मुआयना किया है।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, 20 पशुओं की मौत

## 40 पशु घायल, चालक की हालत गंभीर



कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के आगरा–अलीगढ़ बाईपास पर हतीसा पुल के निकट 1 फरवरी को पशुओं से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 20 पशुओं की मौत हो गई जबकि करीब 40 पशु घायल हो गए। हादसे में ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।ट्रक चालक अरमान निवासी नंदू नगरिया थाना हाथरस गेट मध्यप्रदेश के गुना से भैंसे भरकर अलीगढ़ लेकर जा रहा था। हतीसा पुल के पास ट्रक पलट गया। जिससे ट्रक में भरे हुए 20 पशुओं की जान चली गई और 40 पशु घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर यातायात बाधित हो गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस–प्रशासन ने जैसे–तैसे यातायात सुचारू कराया। घायल ट्रक चालक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल से अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

## हाथरस भगदड़ हादसे के आरोपियों की आज न्यायालय में पेशी हुई

हाथरस भगदड़ हादसे के आरोपियों की आज न्यायालय में पेशी हुई। इस मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई। सत्र न्यायालय में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आरोपों पर बहस की, लेकिन उनकी बहस पूरी नहीं हो सकी। ऐसे में आज भी न्यायालय में आरोपियों पर आरोप तय नहीं हो सके। अब न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तिथि नीयत की है।भोले बाबा के सत्संग के बाद 2 जुलाई को सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी में 123 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें करीब 150 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।पुलिस ने मुख्य आरोपी देव प्रकाश मुधकर, मेघ सिंह, मुकेश कुमार, मंजू देवी, मंजू यादव, राम लड़ेते, उपेंद्र सिंह, संजू कुमार, राम प्रकाश शाक्य, दुर्वेश कुमार, दलवीर सिंह को आरोप पत्र में आरोपी बनाया है। पुलिस की चार्जशीट में भोले बाबा का नाम नहीं है। इस मामले में आठ आरोपियों की हाईकोर्ट से जमानत हो चुकी है।तीन आरोपी जेल में बंदअभी तीन आरोपी देव प्रकाश मधुकर, मेघ सिंह और मुकेश अलीगढ़ जेल में बंद है। यह मामला सत्र न्यायालय में विच. ाराधीन है। सत्र न्यायालय में सोमवार सभी आरोपी पेश हुए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता एपी सिंह ने आरोपों पर बहसकी। इस दौरान आंशिक बहस हुई। अब कोर्ट ने 14 फरवरी की अगली तिथि निर्धारित की है।पुलिस की चार्जशीट है झूठ का पुलिंदा...बचाव पक्ष के वकील एपी सिंह का कहना है कि पुलिस की चार्जशीट झूठ का पुलिंदा है। एक आरा. `पी दलवीर को पुलिस ने अपनी चा. र्जशीट में विवाहित और दो बच्चों का पिता बताया है जबकि वह अविवाहित है। उन्होंने बताया कि एक साजिश के तहत इस पूरी घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

## महाकुंभ के भगदड़ में मृतक श्रद्धालुओं को आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था ने श्रद्धांजलि अर्पित की, मुआवजा की मांग

हाथरस। बीते दिनों संगम तट पर मची भगदड़ में अनेक श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि बहुत से श्रद्धालु घायल हो गए हैं। आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा ने मृतक श्रद्धालुओं की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए सभी मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्माओं की कामना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। मृतक श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सभी मृतक श्रद्धालुओं के निकटतम परिजनों को पचास पचास लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे। आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि दुर्घटना का मूल कारण अर्धरात्रि में



संगम तट पर अधिक भीड़ का एकत्र होना है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु संगम तट पर अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने की लालसा लिए महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से संगम के अतिरिक्त निर्मित अन्य घाट पर स्नान कर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अन्य घाटों पर भी अमृत स्नान से संगम घाट पर अमृत स्नान के समान है पुण्य अर्जित होता है। आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसी दुर्घटना की पुनरावृति को रोकने के लिए मौनी अमावस्या स्नान और श्रद्धालुओं के प्रयागराज में प्रवेश को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जारी बयान के अनुसार संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश कुमार, धीरज दुबे, जानू चौधरी, अनिल चौधरी, दिनेश बघेल, राजकुमार चौधरी, बीरू पहलवान, प्रशांत फौजदार, जितेंद्र सिंह, देवराज सिंह, पूनम वर्मा राखी देवी, मंजू देवी, ज्योति देवी, उषा देवी, पूनम राघव,उमेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट

हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

## हाथरस किला रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए चलने वाली एचएडी पैसेंजर ट्रेन का संचालन लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा

हाथरस किला रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए चलने वाली एचएडी पैसेंजर ट्रेन का संचालन लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा। इस ट्रेन के माध्यम से रोजाना हाथरस शहर और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों यात्री दिल्ली की यात्रा करते हैं। शहर के मध्य में स्थित उत्तर मध्य रेलवे का किला स्टेशन से चलने वाली यह एकमात्र पैसेंजर ट्रेन है, जो दिल्ली तक की सेवा प्रदान करती है।ट्रेन के रद्द होने की सूचना मिलने पर काफी यात्रियों को बिना यात्रा किए ही वापस लौटना पड़ा, जबकि कुछ यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी। यात्री राकेश पाठक ने बताया कि वे स्टेशन पहुंचने के बाद ही ट्रेन रद्द होने की जानकारी मिली, जिससे उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा।एक अन्य यात्री सुनील सेंगर ने कहा कि दिल्ली की महत्वपूर्ण यात्रा ट्रेन रद्द होने के कारण स्थगित करनी पड़ी। चिंता की बात यह है कि रेलवे अधिकारी ट्रेन के रद्द होने का कारण स्पष्ट नहीं कर रहे हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि ट्रेन सेवा कब तक बाधित रहेगी। यह अनिश्चितता यात्रियों की परेशानी को और बढ़ा रही है, क्योंकि वे अपनी आने वाली यात्राओं की योजना नहीं बना पा रहे हैं।

## हाथरस सत्संग हादसा हादसे के प्रकरण में सुनवाई आज, भगदड़ में 121 लोगों की गई थी जान

हाथरस के सत्र न्यायाधीश सतेंद्र कुमार के न्यायालय में सत्संग हादसे के मामले में बचाव पक्ष की ओर से आरोपों पर बहस चल रही है। न्यायालय में इस मामले में 1 फरवरी को सुनवाई होगी।उल्लेखनीय है कि सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि के 2 जुलाई को सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी में आयोजित सत्संग में भगदड़ मच गई थी। इसमें 121 लोगों की मौत हो गई थी। करीब 250 लोग घायल हुए थे। न्यायालय में पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ 3200 पेज का आरोप पत्र दाखिल किया है। मामले में पुलिस ने 676 गवाह बनाए हैं। पुलिस ने इस मामले में पुलिस मुख्य आरोपी देव प्रकाश मुधकर, मेघ सिंह, मुकेश कुमार, मंजू देवी, मंजू यादव, राम लड़ेते, उपेंद्र सिंह, संजू कुमार, राम प्रकाश शाक्य, दुर्वेश कुमार, दलवीर सिंह को आरोप पत्र में आरोपी बनाया है। मामले की सुनवाई सत्र न्यायाधीश सतेंद्र कुमार के न्यायालय में चल रही है। सत्र न्यायालय में अब इस मामले में आरोपों पर सुनवाई के लिए 1 फरवरी की तिथि नियत है।

## फिर बढ़ा वायरल का प्रकोप, अस्पतालों में उमड़े मरीज



हाथरस। मौसम में बदलाव के साथ ही एक बार फिर वायरल का प्रकोप बढ़ गया है। सरकारी अस्पतालों में सर्दी, जुकाम, बुखार और खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग इन बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम पल–पल करवट बदल रहा है। कभी गर्मी लग रही है तो कभी कोहरे के साथ ठंड महसूस हो रही है। मौसम का यही बदलाव लोगों को बीमार कर रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि नाक से वायरस शरीर के अंदर पहुंच रहा है। वायरल बुखार इम्युनिटी सिस्टम को कमजोर कर रहा है। इस वजह से शरीर में इन्फेक्शन तेजी से फैल रहा है। ऐसे में जिला अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या फिर बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सामान्य दिनों में लगभग एक हजार मरीज पहुंचते हैं, लेकिन इस समय ओपीडी में 1200 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की बात करें तो यहां भी मरीजों की संख्या में 20 से 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सूर्यप्रकाश ने बताया कि मौसम में आ रहे बदलाव की वजह से लोग वायरल बुखार, खांसी, सर्दी, जुकाम और मांसपेशियों में दर्द आदि बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इस वायरस से बचने के लिए शरीर का तापमान व्यवस्थित रखने की जरूरत होती है। लोग शरीर में पानी की मात्रा कम न होने दें और गुनगुना पानी पीएं। अस्थमा के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। अचानक तापमान बढ़ने पर एकदम से कपड़े न उतारें। ठंडे व तले पदार्थों के सेवन से बचें और हल्का गुनगुना पानी पीएं।

## एसपी ने पांच थाना प्रभारी बदले.एसओजी प्रभारी गिरीश चंद्र गौतम को कोतवाली सदर और विजय कुमार सिंह को कोतवाली हाथरस गेट प्रभारी बनाया



हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक साथ दस पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं।कोतवाली सदर निरीक्षक विजय कुमार सिंह को कोतवाली सदर से हाथरस गेट का नया प्रभारी बनाया गया है।वहीं हाथरस गेट निरीक्षक शिवकुमार शर्मा को हाथरस गेट के प्रभारी पद से हटाकर एसपी वाचक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।एसओजी प्रभारी गिरीश चंद्र गौतम को अब सदर कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है।तो वंही मुरसान के कोतवाल प्रभारी विजय सिंह को चंदपा का नया कोतवाली प्रभारी नियुक्त किया गया है। चंदपा की कोतवाली प्रभारी विपिन चौधरी को अब साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं हाथरस गेट प्रभारी शिवकुमार को एसपी वाचक की जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ उप निरीक्षक ममता को मुरसान का थानाध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व एसपी वाचक ऋषिपाल सिंह को मॉनिटरिंग सेल का प्रभारी बनाया गया है। साइबर सेल के निरीक्षक केशव दत्त शर्मा को क्राइम ब्रांच में स्थानांतरित किया गया है। चौकी प्रभारी देदामई थाना सासनी दुर्वेश सिंह को थाना साइबर क्राइम में तैनात किया गया है। इंस्पेक्टर क्राइम थाना मुरसान आदित्य शंकर तिवारी को हाथरस गेट का नया इंस्पेक्टर क्राइम बनाया गया है।

## तेज रफ्तार ट्रक गहरी खाई में गिरा, 20 से अधिक मवेशियों की हुई मौत, घायलों का उपचार जारी

हाथरस। जिले के थाना कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के आगरा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित हतीसा पुल के पास शनिवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, इस हादसे 20 से अधिक मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 40 मवेशी और ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल ट्रक चालक को जिला अस्पताल भिजवाया. जहां से डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में अलीगढ़ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, थाना हाथरस गेट क्षेत्र के नंदू नगरिया गांव निवासी 27 वर्षीय अरमान ट्रक चलाने का काम करता है, वह मध्य प्रदेश के गुना से करीब 5 दर्जन से अधिक मवेशियों को लेकर अलीगढ़ की ओर जा रहा था, जैसे ही अरमान ट्रक को लेकर हाथरस के हतिसा पुल के पास पहुंचा तभी ट्रक पर अरमान का काबू नहीं रहा और ट्रक असंतुलित होकर ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराने के बाद गहरी खाई में जा गिरा. हादसे के ट्रक में लदे हुए मवेशी भूसे की तरफ इधर उधर बिखर कर गिर गए, जैसे ही घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को हुई तो वह राहत बचाव कर में जुट गए. स्थानीय लोगों ने घायल चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां से उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया और प्रशासन ने मृत मवेशियों को दफनाने की व्यवस्था की, जबकि घायल मवेशियों का इलाज कराया जा रहा है. कुछ मवेशियों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है.